INDIAN BUSINESS PARTY
इंडियन बिजनेस पार्टी
www.indianbusinessparty.org

Ref : IBP/17-18/023
November 03, 2017

प्रधान मंत्री कार्यालय
Prime Minister's Office
डाक अनुभाग
DAK SECTION
Date 3/11/17

श्री नरेंद्र मोदी जी
माननीय प्रधान मंत्री, भारत सरकार
साउथ ब्लॉक, रायसीना हिल्स
नई दिल्ली-110011

माननीय प्रधान मंत्री जी

Ease of Doing Business में भारत को तीस अंक की बढ़ोतरी के बाद प्रथम 100 में स्थान मिलने पर आपको एवं आपके सभी सहयोगियों को हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन । इस प्रयास से निश्चित रूप से भारत के अंतर्राष्ट्रीय कारोबारी समाज में साख बढ़ेगी और विदेशी निवेशक भारत की और आकर्षित होंगे ।

महोदय इसी श्रृंखला में आपसे निवेदन है कि अपने देश के सभी राज्यों में लघु एवं मध्यम स्तर के सभी श्रेणियों के कारोबारियों पर एक सर्वे कराया जाए और यह जानने के चेष्टा की जाए कि देशी कारोबारियों को क्या व्यापार करने में सुगमता है? क्या देशी कारोबारी सरकारी तंत्र द्वारा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार तो नहीं है?

महोदय यह सर्व विदित है कि विदेशियों की भारत के समृद्ध कारोबार पर हमेशा तिरछी नज़र रही है और अपने शासन काल में उन्होंने भारत को सोने की चिड़िया से एक कंगाल देश बना दिया था । ऐसी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए देशी कारोबारियों को यदि सरकारी संरक्षण मिल जाए तो भारत पुनः एक समृद्ध कारोबारी राष्ट्र बन सकता है ! एक ऐसा राष्ट्र जहाँ हर हाथ रोजगार और हर पेट भोजन हो ।

आपके विचारार्थ हेतु प्रेषित,

सादर आभार

वी के बंसल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
+91 876435958

Pragati Tower, 26 Rajendra Place, New Delhi-110008, INDIA.
+91-11-25784221 +91-7042828540 info@indianbusinessparty.org, indianbusinessparty@gmail.com
www.facebook.com/indianbusinessparty twitter.com/InBusinessParty www.linkedin.com/in/indianbusinessparty